भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 187

जिसका उत्तर 2 फ़रवरी, 2023 को दिया जाना है।

.....

पोथिरेड्डीपाडु हेड रेग्युलेटर एक्सपैंशन परियोजना

187. श्री उत्तम कुमार रेड्डी:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आन्ध्र प्रदेश सरकार ने पोथिरेड्डीपाडु हेड रेग्युलेटर एक्सपैंशन परियोजना पर कार्य शुरू कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और परियोजना को शुरू करने की तारीख और लागत का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान में पोथिरेड्डीपाडु से जल आहरण क्षमता कितनी है और उसके बाद विस्तार कार्य पूरा होने पर इसकी अनुमानित क्षमता कितनी होगी;

(ग) उक्त कार्य के कब तक पुरा हो जाने की संभावना है;

(घ) परियोजना के निष्पादन में शामिल एंजेसियों का ब्यौरा क्या है और राज्य सरकार द्वारा उन्हें कितनी धनराशि का भुगतान किया गया है तथा उन पर अभी भी कितनी धनराशि बकाया हैं; और

(ङ) क्या कोई सरकारी क्षेत्र का उपक्रम अथवा स्वायत्त/अर्ध स्वायत्त निकाय पोथिरेड्डीपाडु विस्तार कार्य का वित्तपोषण कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टूडू)

(क) (ग) (घ) और (च) : जैसा कि आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा सूचित किया गया है पोथिरेड्डीपाडू हेड रेगुलेटर विस्तार परियोजना पर कोई काम नहीं किया गया हैं।

(ख) : जैसा कि राज्य सरकार द्वारा सूचित कया गया है पोथिरेड्डीपाडु के माध्यम से वर्तमान जल निकासी क्षमता 44,000 क्यूसेक की डिजाइन निर्वहन क्षमता से कम है।

*****